पत्रांक–06 / प्र०–07(विविध)–02 / 2026–

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

उत्कर्ष शर्मा,
अवर सचिव (प्रबंधन),
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार।
अभियंता प्रमुख, तकनीकी परीक्षक कोषांग, मंत्रिमंडल निगरानी विभाग, पटना।
अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना।
विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।
सभी मुख्य अभियंता (यॉत्रिक सहित) जल संसाधन विभाग, बिहार।
निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, जल संसाधन विभाग, पटना।
मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, पटना।
मुख्य अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना।
मुख्य अभियंता, बिहार स्टेट फूड एवं सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन, पटना।
मुख्य अभियंता, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, वीरचंद पटेल पथ, पटना।
अपर सचिव, अद्योग विभाग, बिहार, पटना।
अपर सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना।
प्रबंध निदेशक, पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, पटना।
परियोजना निदेशक, बिहार आपदा पुर्नवास एवं पुननिर्माण सोसाईटी, पटना।
निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, पटना।
सभी संयुक्त सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
निदेशक, क्रय, भंडार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय, पटना।
सभी अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार।
सभी संयुक्त निदेशक, जल संसाधन विभाग, पटना।
सभी कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार।
स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, नई दिल्ली।
सम्पर्क पदाधिकारी, सम्पर्क कार्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, काठमाण्डू, नेपाल।

/पटना–15, दिनांक–

विषयः– जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख स्तर से कनीय अभियंता स्तर तक के सभी अभियंताओं (असैनिक एवं यॉत्रिक) का अद्यतन बायोडाटा उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–2044 दिनांक 04.12.2020।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र का कृपया स्मरण किया जाय, उक्त पत्र की कंडिका–4 में निम्नांकित निदेश संसूचित है :–

"भविष्य में किसी अभियंता के प्रोन्नति/स्थानांतरण/निलंबन इत्यादि होने के क्रम में उनके द्वारा नये कार्यालय में प्रभार ग्रहण/योगदान करने के एक माह के अन्दर संबंधित अभियंता द्वारा अद्यतन बायोडाटा **प्रभारी पदाधिकारी, आई० टी० कोषांग, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1, सिंचाई भवन, पटना–15** को उपलब्ध कराया जाना एवं इसकी सूचना संबंधित अवर सचिव (प्रबंधन) को प्रेषित करना अनिवार्य होगा। संबंधित

कृ०पृ०उ०

कार्यालय प्रधान/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपने अधीनस्थ नव पदस्थापित अभियंता के बायोडाटा भेजने की सूचना संबंधित अवर सचिव (प्रबंधन) को प्रेषित करने के उपरांत ही संबंधित अभियंता को वेतनादि/जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान करेगें।"

2. सम्प्रति ऐसे दृष्टांत सामने आये हैं, जिसमें संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अपना बायोडाट अद्यतन/सृजित नहीं कराया गया है, परन्तु उनका वेतन भुगतान निरंतर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है, उक्त के फलस्वरूप कतिपय पदाधिकारियों के पूर्व पदस्थापन/कार्यानुभव संबंधी सूचना प्राप्त करने में विभागीय स्तर से कठिनाई का सामना करना पड़ता है, साथ ही बायोडाटा अद्यतित कराये जाने के क्रम में पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति/अतिरिक्त प्रभार संबंधी विवरणी के संगत Remarks स्तम्भ में संदर्भित विभागीय अधिसूचना/आदेश की प्रविष्टि किया जाना श्रेयस्कर होगा।

3. विदित हो कि कार्यालय प्रधान द्वारा अभियंताओं का बायोडाटा प्रभारी पदाधिकारी, कम्प्यूटर कोषांग को ई-मेल आई०डी०-pmd2wrd@gmail.com पर प्रेषित किये जाने के उपरान्त उक्त के संदर्भ में सूचना संबंधित अवर सचिव (प्रबंधन) को श्रेणीवार निम्नांकित ई-मेल आई०डी० पर उपलब्ध कराये जाने का निदेश पूर्व से संसूचित है :-

क्र०सं०	अभियंता की श्रेणी	अवर सचिव का ई० मेल आई०डी०
1	अभियंता प्रमुख से कार्यपालक अभियंता (असैनिक)	undersecretary1.wrd@gmail.com
2	सहायक अभियंता (असैनिक)	undersecretary2.wrd@gmail.com
3	कनीय अभियंता (असैनिक)	undersecretary3.wrd@gmail.com
4	मुख्य अभियन्ता (यॉंत्रिक) से कनीय अभियन्ता (यॉंत्रिक)	uswrdmech18@gmail.com

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि बायोडाटा अद्यतन करने के संदर्भ में प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्व संसूचित निदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने की कृपा की जाय, साथ ही अपने अधीनस्थ संबंधित सभी पदाधिकारियों को विहित प्रपत्र में बायोडाटा 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अद्यतन/सृजित कराने हेतु निदेशित किया जाय।

अनु०-यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह०/-
(उत्कर्ष शर्मा)
अवर सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक-06/प्र०-07(विविध)-02/2026 /पटना-15, दिनांक-

प्रतिलिपिः- सभी संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव (प्रबंधन)/सभी अवर सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/-
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक-06/प्र०-07(विविध)-02/2026 1075 /पटना-15, दिनांक-27/02/2026

प्रतिलिपिः- कार्यपालक अभियन्ता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

26.02.26
अवर सचिव (प्रबंधन)।